# रोकड़ प्रवाह विवरण

6

अभी तक आपने वित्तीय विवरणों के बारे में पढ़ा है; विशेष रूप से तुलन पत्र (एक विशिष्ट तिथि पर एक उद्यम की वित्तीय स्थिति को दर्शाते हुए) तथा आय विवरण (एक विशिष्ट अवधि के बाद एक उद्यम के प्रचालन क्रियाकलापों के परिणाम को दर्शाते हुए) सहित अध्ययन किया है। यहाँ पर एक तीसरा महत्त्वपूर्ण वित्तीय विवरण भी है जिसे *रोकड़ प्रवाह विवरण* के नाम से जानते हैं जो रोकड़ के अंतर्वाह तथा बाहिर्वाह एवं रोकड़ तुल्यराशियों (या तुल्यांकों) को दर्शाता है। यह विवरण प्राय: कंपनियों द्वारा तैयार किया जाता है जो वित्तीय सूचनाओं के उपयोगकर्ताओं के साधन के रूप में स्रोतों एवं रोकड़ के उपयोग जानने तथा एक उद्यम की विभिन्न क्रियाकलापों में एक अवधि के दौरान *उद्यम* की तुल्यराशियों को जानने के काम आता है। यह अध्याय रोकड़ प्रवाह विवरण से संबंधित है जिसने पिछले दशक में पर्याप्त महत्त्व अर्जित किया है। वित्तीय सूचनाओं के उपयोगकर्ताओं हेतु व्यावहारिक उपयोगिता के कारणवश है।

**अधिगम उद्देश्य**

*इस अध्याय को पढ़ने के उपरांत आप :*

- *रोकड़ प्रवाह विवरण के उद्देश्य तथा निर्माण की व्याख्या कर सकेंगे;*
- *प्रचालन क्रियाकलापों, निवेश क्रियाकलापों तथा वित्तीय क्रिया कलापों के बीच विभेद कर सकेंगे;*
- *प्रत्यक्ष विधि का उपयोग करते हुए रोकड़ प्रवाह का विवरण तैयार कर सकेंगे;*
- *अप्रत्यक्ष विधि का उपयोग करते हुए रोकड़ प्रवाह का विवरण तैयार कर सकेंगे।*

दि इंस्टियूट आफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एसोसिएशन आफ इंडिया (ICAI) द्वारा जारी किया गया लेखांकन मानक-3 (AS-3), रोकड़ प्रवाह विवरण के निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण से संबंध रखता है। ले.मा.-3 (AS-3) में सभी सूचीकृत कंपनियों के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि वे वार्षिक आधार पर दूसरे वित्तीय विवरणों के साथ ही रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार एवं प्रस्तुत करें।

यहाँ यह ध्यानयोग्य है कि निधि प्रवाह विवरण अब लेखांकन व्यवहार हेतु प्रासंगिक नहीं रहा है, अत: इस अध्याय में व्याख्या नहीं की गई है। रोकड़ प्रवाह विवरण एक उद्यम की रोकड़ तुल्य राशियों तथा रोकड़ में बदलाव के संदर्भ में रोकड़ प्रवाह को प्रचालन, निवेश

© NCERT not to be republished

एवं वित्तीय क्रियाकलापों में वर्गीकृत करते हुए ऐतिहासिक जनिकारियाँ प्रदान करता है। इसके लिए अपेक्षित है कि एक उद्यम को रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करना चाहिए और उसे प्रत्येक लेखांकन अवधि में प्रस्तुत किया जाना चाहिए जिस अवधि में वित्तीय विवरण प्रस्तुत किए जाते हैं। वित्तीय विवरणों के उपयोगकर्ता यह जानने के लिए उत्सुक होते हैं कि उद्यम किस प्रकार रोकड़ तथा रोकड़ तुल्यराशियों का अर्जन व उपयोग करता है।

इससे कोई अंतर नहीं पड़ता कि उद्यम क्रियाकलापों की प्रकृति क्या है। साथ ही यह विवरण इस कथन से भी निरपेक्ष है यदि उद्यम रोकड़ को उत्पाद के रूप में दर्शाता है जैसे कि वित्तीय संस्थानों की स्थिति में होता है।

## 6.1 रोकड़ प्रवाह विवरण के उद्देश्य

एक रोकड़ प्रवाह विवरण एक कंपनी की एक अवधि-विशेष में विभिन्न क्रियाकलापों द्वारा रोकड़ का अंतर्वाह एवं बाहिर्वाह तथा रोकड़ तुल्यराशियों को दर्शाता है। रोकड़ प्रवाह विवरण का प्राथमिक उद्देश्य एक उद्यम की एक अवधि विशेष के दौरान विभिन्न (क्रियाकलापों के) शीर्षों जैसे कि प्रचालन क्रियाकलाप, निवेश क्रियाकलाप तथा वित्तीय क्रियाकलापों में रोकड़ प्रवाह (अंतर्वाह एवं बाहिर्वाह) के बारे में उपयोगिता पूर्व सूचना प्रदान करना है।

यह सूचना वित्तीय विवरण के उपयोगकों या उपयोगकर्ताओं के उपयोगिता पूर्ण होती है; क्योकि यह एक उद्यम की रोकड़ एवं रोकड़ तुल्यांकों को पैदा करने की क्षमता तथा इन रोकड़ प्रवाहों को उद्यम द्वारा उपयोग की आवश्यकताओं के लिए मूल्यांकन हेतु आधार प्रदान करती है। आर्थिक निर्णय जो उपयोगकों द्वारा लिए जाते हैं उन्हें एक उद्यम के द्वारा रोकड़ तथा रोकड़ तुल्यांकों को पैदा करने की क्षमता तथा उनकी उत्पत्ति के लिए सामयिकता एवं सुनिश्चिता की क्षमता को मूल्यांकित करने की आवश्यकता होती है।

## 6.2 रोकड़ प्रवाह विवरण के लाभ

रोकड़ प्रवाह विवरण निम्नलिखित लाभ प्रदान करता है:

- एक रोकड़ प्रवाह विवरण जब अन्य वित्तीय विवरणों के साथ उपयोग किया जाता है तब वह ऐसी सूचनाएं प्रदान करता है जो एक उद्यम की निवल परिसंपत्तियों में बदलाव तथा उसके वित्तीय ढाँचे (तरलता एवं ऋणशोधन क्षमता सहित) को मूल्यांकित करने तथा बदलती परिस्थितियों एवं अवसरों में अनुकूल रोकड़ प्रवाह की सामयिकता तथा राशि की प्रभावशीलता की क्षमता जानने में मदद करता है।
- रोकड़ प्रवाह सूचना एक उद्यम की रोकड़ एवं रोकड़ तुल्यांकों को पैदा करने की क्षमता को मूल्यांकित करने में उपयोगी होती है और उपयोगकों को वर्तमान मूल्य को भविष्य में विभिन्न व्यावसायिक इकाइयों के रोकड़ प्रवाह की तुलना एवं मूल्यांकन के प्रतिमान को विकसित करने में सक्षम बनाती है।

© NCERT not to be republished

- इसके साथ ही यह विभिन्न उद्यमों की प्रचालन दक्षता एवं रिर्पोटिंग की तुलनात्मकता को बढ़ाता है क्योंकि यह एक ही लेनदेन एवं घटना के लिए विभिन्न लेखांकन निरूपणों के प्रभावों को समाप्त करता है।
- ऐतिहासिक रोकड़ प्रवाह सूचना को प्राय: भविष्य के रोकड़ प्रवाह की राशि, सामयिकता तथा निश्चितता के संकेतक के रूप में प्रयोग किया जाता है। इसके साथ ही भावी रोकड़ प्रवाह के परिशुद्धता के पूर्व मूल्यांकनों को जाँचने में सहायक होते हैं और लाभ प्रदता तथा निवल रोकड़ प्रवाह तथा परिवर्तनीय मूल्यों के प्रभाव के बीच संबंधों की जाँच करने में सहायक होते हैं।

## 6.3 रोकड़ एवं रोकड़ तुल्यराशियाँ

जैसा कि पहले बताया गया है कि रोकड़ प्रवाह विवरण एक उद्यम की एक अवधि-विशेष के दौरान विभिन्न क्रियाकलापों से रोकड़ एवं रोकड़ तुल्यांकों के अंतर्वाह एवं बाहिर्वाह को दर्शाते हैं। ले. मा. – 3 (AS-3) के अनुसार 'रोकड़' के अंतर्गत हस्तस्थ रोकड़ तथा बैंक के साथ माँग जमा तथा रोकड़ तुल्यराशियाँ का तात्पर्य अल्प कालिक उच्च तरलता निवेशों से है जो कि तत्काल रोकड़ की राशि में परिवर्तनीय के रूप में जाने जाते हैं और जो कि अपने मूल्य परिवर्तन के जोखिम हेतु महत्त्वपूर्ण नहीं समझे जाते हैं। उदाहरण के लिए लघु अवधि निवेश प्रपत्र निन्हें रोकड़ में सहजता पूर्वक बदला जा सकता है। इस प्रकार से रोकड़ तुल्यराशियों को ऐसे निवेशों के रूप में संकेतित किया जाता है जो कि अल्प कालिक रोकड़ सुपुदर्गी-प्रतिबद्धता को पूरा करने के उद्देश्य से धारित किए जाते हैं न कि निवेश या किसी अन्य उद्देश्य हेतु होते हैं। एक निवेश समान्यत: एक रोकड़ तुल्यांक की योग्यता तभी पाता है जब उसके परिपक्वता अवधि अत्यंत लघुकालिक होती है यानि कि तीन माह या प्राप्ति तिथि से कम की हो। अंशों में निवेश को रोकड़ तुल्यांकों से तब तक बाहर रखते हैं जबकि वे ठोस या पर्याप्त रूप से रोकड़ तुल्यराशि/तुल्यांक न हों। उदाहरण के लिए एक कंपनी के अधिमान अंश अपनी मोचन तिथि से ठीक थोड़ा पहले प्राप्त किए जाते हैं बशर्ते कि कंपनी को इनकी परिपक्वता पर भुगतान करने की असफलता का जोखिम बिल्कुल ही महत्वहीन हो।

## 6.4 रोकड़ प्रवाह

'रोकड़ प्रवाह' से आश्य गैर-रोकड़ मदों के रोकड़ के आवक एवं जावक (अंतर्वाह एवं बाहिर्वाह) से है। एक और रोकड़ मद की रोकड़ के रूप में प्राप्ति को रोकड़ अंतर्वाह कहा जाता है। जबकि ऐसे मद के लिए रोकड़ के भुगतान को बाहिर्वाह रोकड़ प्रवाह के रूप में जाना जाता है। उदाहरण के लिए नकद भुगतान द्वारा मशीनरी की खरीद रोकड़ बाहिर्वाह है जबकि एक मशीन की नकद बिक्री के लिए प्राप्त रोकड़ को रोकड़ अंतर्वाह के रूप में जाना जाता है।

ले.मा.-3 के अनुसार वित्तीय क्रियाकलापों के निवेश तथा उन मदों के बीच क्रियाकलाप से बाहर रखता है जो रोकड़ या रोकड़ तुलयांकों को संघटित करते हैं क्योंकि ये घटक एक उद्यम के रोकड़ प्रबंधन का एक भाग होते हैं न कि इसके प्रचालन के रोकड़ प्रबंधन में रोकड़ तुल्यराशियों में रोकड़ आधिक्य का निवेश भी शामिल होता है। इसीलिए विक्रय प्रतिभूतियों की खरीद या अल्पकालिक

© NCERT not to be republished

वह निवेश जो कि रोकड़ तुल्यांक संघटित होता है, उसे रोकड़ प्रवाह विवरण बनाते समय ध्यान नहीं दिया जाता है।

## 6.5 रोकड़ प्रवाह विवरण के तैयार करने हेतु क्रियाकलापों का वर्गीकरण

आप जानते हैं कि एक उद्यम को विभिन्न क्रियाकलापों के परिणाम स्वरूप रोकड़ प्रवाह (अंतर्वाह या रोकड़ प्राप्ति तथा बाहिर्वाह या भुगतान) होता है जो कि रोकड़ प्रवाह की विषय-वस्तु होती है। ले.मा.-3 के अनुसार इन क्रियाकलापों को तीन वर्गों में वर्गीकृत किया गया है : (1) प्रचालन (2) निवेश और (3) वित्तीय क्रियाकलाप; ताकि इन्हें इन तीनों क्रियाकलापों से उत्पन्न रोकड़ प्रवाह को अलग-अलग दर्शाया जा सके। यह रोकड़ प्रवाह विवरण एक उद्यम की वित्तीय स्थिति में इन क्रियाकलापों के प्रभाव को मूल्यांकित करने में मदद करता है और इसके साथ ही इनमें रोकड़ और रोकड़ तुल्यांकों को जानने में भी मददगार होता है।

### *6.5.1 प्रचालन क्रियाकलाप से रोकड़*

ले.मा.-3 के अनुसार प्रचालन क्रियाकलाप वे क्रियाकलाप हैं जिनमें एक उद्यम की प्राथमिक या प्रमुख क्रियाकलाप संघटित होती हैं। उदाहरण के लिए, एक कंपनी के लिए पोशाकें बनाना, कच्चे सामान को जुटाना, निर्माण खर्चों का उभरना, पोशाकों की बिक्री, आदि। ये एक उद्यम के प्रधान या प्रमुख आमदनी अर्जक क्रियाकलाप (या मुख्य क्रियाकलाप) हैं तथा यह वह क्रियाकलाप हैं जिसमें निवेश या वित्तीय गतिविधि शामिल नहीं है। प्रचालन में रोकड़ की राशि कंपनी के आंतरिक ऋणशोधन क्षमता स्तर का संकेत देती हैं। ले.मा. — 3 के अनुसार प्रचालन गतिविधियों से अर्जित रोकड़ प्रवाह को प्रमुख संकेतक माना जाता है जोकि उद्यम का प्रचालन है और एक उद्यम की प्रचालन क्षमता को बनाए रखने के लिए पर्याप्त रोकड़ प्रवाह उत्पन्न करता है, लाभांशों को चुकाता है, नए निवेशों को करता है तथा रोकड़ प्रवाह के विशिष्ट घटकों के बारे में सूचना अन्य सूचनाओं के साथ संयोजन में भावी प्रचालन रोकड़ प्रवाह के पूर्वानुमान हेतु मदद करता है।

प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह उद्यम की मुख्य क्रियाओं से प्राप्त किया जाता है; इसीलिए सामान्यत: लेन-देनों एवं अन्य घटनाओं का परिणाम होते हैं जोकि निवल लाभ या हानि में प्रविष्ट होते हैं। प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह के उदाहरण यह हैं:

*प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ अंतर्वाह*

- सामान की बिक्री तथा सेवाओं को देने से रोकड़ प्राप्तियाँ
- रायल्टी, फीस, कमीशनों तथा अन्य रोकड़ प्राप्तियाँ

*प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ बाहिर्वाह*

- माल एवं सेवाएं हेतु नकद भुगतान
- कर्मचारियों तथा उनके माध्यम से अन्य व्यक्ति को नकदी भुगतान
- आयकर हेतु नकद भुगतान या वापसी जब तक कि इन्हें वित्तीय एवं निवेशन क्रियाकलापों के साथ स्पष्टीकृत न किया जा सके।

not to be republished © NCERT

प्रचालन रोकड़ प्रवाह के मामलों में निवल स्थिति को दर्शाया जाता है।

कुछ लेनदेन जैसे कि संयंत्र के किसी एक मद की बिक्री से लाभ या हानि में उछाल आ सकता है जिसे कि निवल लाभ या हानि के निर्धारण में सम्मिलित किया जाता है। हालांकि, ऐसे लेन-देनों से संबंधित रोकड़ प्रवाह निवेशन क्रियाकलापों से होते हैं जिनके बारे में बाद में विस्तार से परिचर्चा की गई है।

एक उद्यम सौदा निपटान या व्यापारिक उद्देश्य के लिए ऋणों एवं प्रतिभूतियों को धारित कर सकता है, तब ऐसे मामलों में वे पूर्व बिक्री के लिए विशेष रूप से अपेक्षित मालसूची के समान होते हैं। प्रतिभूतियों के निपटान या व्यापार की बिक्री एवं खरीद से पैदा होने वाले रोकड़ प्रवाह को प्रचालन क्रियाकलापों में वर्गीकृत किया जाता है। ठीक इसी प्रकार से वित्तीय उद्यमों द्वारा तैयार किया गया रोकड़ अग्रिम एवं ऋण आदि को प्राय: प्रचालन क्रियाकलाप के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, चूंकि ये उद्यम के प्रमुख क्रियाकलापों से संबंद्ध होते हैं।

### 6.5.2 निवेश क्रियाकलापों से रोकड़

निवेश क्रियाकलापों के अंतर्गत दीर्घकालिक परिसंपत्तियों या स्थिर परिसंपत्तियों की खरीद और बिक्री समाहित होती है जैसे कि मशीनरी, फ़र्नीचर, भूमि एवं भवन आदि। दीर्घकालिक निवेशों से संबंधित लेन देन भी निवेश क्रियाकलाप माने जाते हैं। ले.मा.-3 के अनुसार, निवेश क्रियाकलाप दीर्घकालिक परिसंपत्तियों की प्राप्ति एवं निपटान तथा वे अन्य निवेश जो रोकड़ तुल्यांकों में शामिल न हों, में आते हैं।

निवेश क्रियाकलापों का पृथक रूप से प्रस्तुतीकरण महत्त्वपूर्ण है क्योंकि ये उन मदों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो भविष्य की आय एवं रोकड़ प्रवाह के पैदा करने के संसाधनों में अर्जित खर्चों के लिए किए गए हैं। जिन निवेश क्रियाकलापों से अलग रोकड़ प्रवाह पैदा होता है उनके कुछ उदाहरण ये हैं:

*निवेश क्रियाकलापों से रोकड़ बाहिर्वाह*

- स्थिर परिसंपत्तियों को प्राप्त करने के लिए नकद भुगतान जिनमें अगोचर एवं पूँजीकृत अनुसंधान एवं विकास आते हैं।
- अंश अधिपत्र या ऋण प्रपत्रों को अन्य उद्यमों से प्राप्त करने पर नकद भुगतान जो कि रोकड़ तुल्यांकों या व्यापार उद्देश्य के अतिरिक्त प्रपत्र माने जाते हैं।
- तीसरी पार्टी को रोकड़ अग्रिम एवं ऋण देना (वित्तीय उद्यमों द्वारा अग्रिम एवं ऋणों के देने के अलावा, जहाँ यह प्रचलन क्रियाकलाप माना जाता है)।

*निवेश क्रियाकलापों से रोक अंतर्वाह*

- आमूर्त परिसंपत्ति सहित स्थिर परिसंपत्तियों के निपटान से नकद प्राप्तियाँ
- तीसरी पार्टी को दिए गए ऋणों एवं पेशगी के परिशोधन से प्राप्त रोकड़ (केवल वित्तीय उद्यमों को छोड़कर)।
- ऋणों एवं अग्रिमों ब्याज की रोकड़ में प्राप्ति।
- अन्य उद्यमों में निवेशों से प्राप्त लाभांश।

© NCERT not to be republished

### *6.5.3 वित्तीय क्रियाकलापों से रोकड़*

जैसा कि नाम संकेतित करता है, वित्तीय कियाकलापों का संबंध दीर्घकालिक निधियों या एक उद्यम की पूँजी से है। उदाहरण के रूप में समता अंश, ऋणपत्रों के निर्गमन की प्राप्ति में रोकड़, बैंकों से ऋण उगाहना या बैंक ऋणों का मोचन आदि। ले.मा.-3 के अनुसार वित्तीय क्रियाकलाप वे क्रियाकलाप है जिनके परिणाम स्वरूप स्वामित्व पूँजी (यदि एक कंपनी है तो अधिमान अंश पूँजी सहित) और उद्यमों से ऋण या कर्ज उठाने के संघटन एवं आकार में परिवर्तन आता है। वित्तीय क्रियाकलापों का रोकड़ प्रवाह के लिए अलग प्रकरण महत्त्वपूर्ण होता है क्योंकि एक उद्यम निधि प्रदानकर्ता (पूँजी एवं ऋण दोनों) के द्वारा भावी दावों का अनुमान लगाने में उपयोगी होता है। वित्तीय क्रियाकलापों के उदाहरण हैं:

*वित्तीय क्रियाकलापों से रोकड़ अंतर्वाह*

- अंश निर्गम एवं अन्य समान प्रपत्रों के निर्गम से रोकड़ प्राप्तियां।
- ऋणपत्रों, कर्जों, बंधपत्रों एवं अन्य अल्प या दीर्घकालिक ऋणों से रोकड़ प्राप्तियां।

*वित्तीय क्रियाकलापों से रोकड़ बाहिर्वाह*

- उधार ली गई राशि की नकद चुकौती।
- ऋणों, ऋणपत्रों तथा पेशगियों पर ब्याज भुगतान
- समता एवं अधिमान पूँजी पर लाभांश भुगतान

यहाँ पर यह बताना महत्त्वपूर्ण है कि एक लेन देन में ऐसा रोकड़ प्रवाह भी शामिल हो सकता है जिसे भिन्न रूप से वर्गीकृत किया गया हो। उदाहरण के लिए, जब एक स्थिर परिसंपत्ति का अर्जन विभिन्न भुगतान आधारों पर होता है जिसमें ब्याज एवं ऋण दोनों शामिल होते हैं तब ब्याज को वित्तीय क्रियाकलाप में वर्गीकृत किया जाता है। इसके अतिरिक्त, भिन्न उद्यमों के लिए भिन्नता पूर्वक वर्गीकृत किया जाता है तथा ऋण को निवेश क्रियाकलाप के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। उदाहरण के लिए अंशों की खरीद अंश दलाली हेतु एक प्रचालन क्रियाकलाप है जबकि अन्य उद्यमों के लिए एक निवेश क्रियाकलाप है।

© NCERT not to be republished




**चित्र 6.1:** *रोकड़ अंतर्वाह एवं रोकड़ बाहिर्वाह का वर्गीकरण*

### *6.5.4 कुछ विशिष्ट (व्यक्तिगत) मदों का निरूपण*

*असाधारण मदें*

असाधारण मदें सामान्य परिदृश्य नहीं होती हैं। उदाहरण के रूप में चोरी या भूकंप अथवा बाढ़ के कारण हुई क्षति या हानि। असाधारण मदें प्रकृति में गैर–पुनरार्वतक होती हैं और इसी कारण असाधारण मदों के साथ जुड़े रोकड़ प्रवाह को प्रचालन, निवेश एवं वित्तीय क्रियाकलापों से अलग हटकर प्रकट किया जाना चाहिए। इसे ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि उपयोगकर्ता उसकी प्रकृति एवं एक उद्यम के वर्तमान एवं भावी रोकड़ प्रवाह पर प्रभाव को समझने में सक्षम हो।

*ब्याज व लाभांश*

यदि कोई वित्तीय उद्यम (जिसका प्रमुख कार्य ऋण का लेन देन है) ब्याज देता, ब्याज प्राप्तियां और लाभांश प्राप्त करता है तो उसे प्रचालन क्रियाकलाप के अंतर्गत वगीकृत किया जाता है जबकि लाभांश के भुगतान को वित्तीय क्रियाकलाप में किया जाता है।

© NCERT not to be republished

गैर–वित्तीय उद्यमों के संदर्भ में, ले.मा.–3 के अनुसार, ब्याज और लाभांश के भुगतान को वित्तीय क्रियाकलापों के रूप में वर्गीकृत करना उपयुक्त समझा जाता है जब की ब्याज और लाभांश से प्राप्तियों को निवेशन क्रियाओं से वर्गीकृत किया जाता है।

*आय एवं लाभों पर कर*

कर जो आयकर (लाभों पर कराधान) पूँजी लाभ पर कर, लाभांश पर कर (अंश धारकों को लाभांश के रूप में वितरित की गई राशि पर कर) आदि हो सकते हैं। ले.मा.–3 के अनुसार आय पर कर से अर्जित रोकड़ प्रवाह को पृथक रूप से दर्शाया जाएगा और उसे प्रचालन क्रियाकलापों से अर्जित रोकड़ प्रवाह के रूप में वर्गीकृत करेंगे जब तक कि उसकी पहचान वित्तीय अथवा निवेशन क्रियाकलापों के रूप में न की गई हो।

- प्रचालन लाभों पर करों को प्रचालन रोकड़ प्रवाह के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए।
- लाभांश कर अर्थात लाभांश पर चुकाये गए कर को लाभांश भुगतान के साथ वित्तीय क्रियाकलाप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए।
- पूँजी लाभ पर कर स्थिर परिसंपित्तयों की बिक्री पर चुकाया जाता है, उसे निवेशन क्रियाकलापों के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाना चाहिए।

*गैर–रोकड़ लेन देन*

ले.मा.–3 के अनुसार, जिन निवेश एवं वित्तीय लेन देनों के लिए रोकड़ या रोकड़ तुल्यांकों की आवश्यकता नहीं होती है, उन्हें रोकड़ प्रवाह विवरण से बहिष्कृत रखना चाहिए। ऐसे लेन देनों के उदाहरण हैं: समता अंशों के निर्गमन द्वारा ऋण पत्र का मोचन। ऐसे लेन देनों को वित्तीय विवरणों में कहीं अन्य तरीकों से व्यक्त किया जाना चाहिए जो उन निवेशों एवं वित्तीय क्रियाकलापों के बारे में उपयुक्त सभी जानकारी प्रदान कर सके। इसी कारण, अंश के निर्गम द्वारा प्राप्त किए गए स्कन्ध को रोकड़ प्रवाह विवरण में नहीं व्यक्त किया जाना चाहिए।

इन तीनों वर्गीकरणों के साथ रोकड़ प्रवाह विवरण को चित्र 6.1 में दर्शाया गया है।

**रोकड़ प्रवाह विवरण**
**(मुख्य शीर्ष केवल)**

| | |
|---|---|
| (क) प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह | xxx |
| (ख) निवेश क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह | xxx |
| (ग) वित्तीय क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह | xxx |
| निवल रोकड़ प्रवाह (क + ख + ग)/ वर्ष के दौरान उपयोग | xxx |
| + प्रारंभ में रोकड़ एवं रोकड़ तुल्यांक | xxx |
| = अंत में रोकड़ एवं रोकड़ तुल्यांक | xxx |

**चित्र 6.1:** *रोकड़ प्रवाह विवरण – का प्रारुप*

© NCERT not to be republished

**स्वयं जाँचिये - 1**

निम्नलिखित क्रियाकलापों को प्रचालन क्रियाकलाप, निवेश क्रियाकलाप, वित्तीय क्रियाकलाप, रोकड़ क्रियाकलाप में वर्गीकृत कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मशीनरी की खरीद | 2. | समता अंश पूँजी के निर्गमन से प्राप्तियाँ |
| 3. | नकद बिक्री | 4. | दीर्घकालिक उधारों से प्राप्तियाँ |
| 5. | पुरानी मशीनरी की बिक्री से प्राप्तियाँ | 6. | देनदारों से नकद प्राप्तियाँ |
| 7. | व्यापारिक कमीशन प्राप्ति | 8. | विनियोग का क्रय |
| 9. | अधिमान अंशों का मोचन | 10. | नकद खरीद |
| 11. | निवेशों की बिक्री से प्राप्तियाँ | 12. | ख्याति का क्रय |
| 13. | आपूरकों को नकद भुगतान | 14. | समता अंशों पर अंतरिम लाभांश भुगतान |
| 15. | मजदूरी एवं वेतन का भुगतान | 16. | एकस्व की बिक्री से प्राप्तियाँ |
| 17. | निवेश के रूप में धारित ऋण पत्र पर ब्याज | 18. | दीर्घकालिक ऋणों पर ब्याज भुगतान |
| | | 20. | निर्माण उपरी लागत का भुगतान |
| 19. | कार्यालय एवं प्रशासनिक व्यय भुगतान | | |
| 21. | अंशों पर प्राप्त लाभांश के निवेश के रूप में रखना किराया | 22. | निवेश के रूप में रखी गई संपदा पर प्राप्त |
| 23. | बिक्री एवं वितरण व्यय भुगतान | 24. | आयकर भुगतान |
| 25. | अधिमान अंशों पर लाभांश भुगतान | 26. | अधिगोपन कमीशन का भुगतान |
| 27. | किराया भुगतान | 28. | निवेश की खरीद पर दलाली भुगतान |
| 29. | बैंक ओवर ड्राफ्ट | 30. | नकद जमा |
| 31. | अल्पकालिक जमा | 32. | विक्रय प्रतिभूतियां |
| 33. | आयकर वापसी प्राप्ति | | |

## 6.6 प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह

एक उद्यम में प्रचालन क्रियाकलाप आय एवं व्ययों का मुख्य स्रोत होते हैं। इसलिए, प्रचालन क्रियाकलाप से रोकड़ प्रवाह को विशेष ध्यान की आवश्यकता होती है।

लेखा मानक-3 के अनुसार, एक उद्यम को प्रचालन क्रियाकलाप से रोकड़ प्रवाह की रिपोर्ट इनमें से किसी एक का उपयोग करना चाहिए:

- प्रत्यक्ष विधि जहाँ सकल रोकड़ प्राप्तियों तथा सकल रोकड़ तुल्य राशियों के प्रमुख वर्ग व्यक्त किए जाते हैं।

या

- अप्रत्यक्ष विधि जहां निवल लाभ या हानि को यथानुसार निम्न के प्रभाव से समायोजित किया जाता है: (1) गैर-रोकड़ प्रकृति के लेन देन, (2) भूतकालिक/भविष्यकालिक रोकड़ प्राप्तियों में

© NCERT not to be republished

कोई विलंबन या प्रोदुभवन, (3) निवेश या वित्तीय रोकड़ प्रवाह से संबंद्ध आय एवं व्यय के मद। यहाँ पर यह ध्यान रखना महत्त्वपूर्ण है कि अप्रत्यक्ष विधि के अंतर्गत एक उद्यम के प्रारंभिक बिंदु आय विवरण के अनुसार निवल लाभ व हानि है। इसके बाद यह राशि गैर-रोकड़ मदें आदि प्रचालन क्रियाकलापों से अभिनिश्चित रोकड़ प्रवाह के लिए समायोजित की जाती हैं।

प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह को प्रत्यक्ष विधि अथवा अप्रत्यक्ष विधि का उपयोग करते हुए यथानुसार सुनिश्चित किया जा सकता है। इन विधियों की विस्तृत परिचर्चा निम्नवत है।

### *6.6.1 प्रत्यक्ष विधि*

जैसा कि नाम संकेत देता है, इस विधि के अंतर्गत रोकड़ अंतर्वाह एवं रोकड़ बाहिर्वाह (जैसे देनदारों से प्राप्त रोकड़ या वेतन भुगतान आदि) के प्रमुख शीर्षों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

यहाँ पर यह ध्यान देना महत्त्वपूर्ण है कि लाभ व हानि खाते में मदों का अभिलेखन प्रोदभवन के आधार पर होता है। इसी कारण, इन्हें रोकड़ आधार में परिवर्तित करते हुए कुछ निश्चित समायोजन करने होते हैं जैसे कि निम्न हैं:

1. उपभोक्ता से रोकड़ प्राप्ति = विक्रय + देनदार एवं प्रारंभिक प्राप्य विपत्र – देनदार एवं अंतिम देय विपत्र
2. पूर्तिकारकों को नकद भुगतान = क्रय + लेनदार एवं प्रारंभिक विपत्र – लेनदार - अंतिम देय विपत्र।
3. क्रय = बेचे गए माल की लागत – प्रारंभिक स्टॉक + अंतिम स्टॉक
4. रोकड़ व्यय = प्रोद्भवन आधार पर व्यय + प्रारंभ में पूर्वदत्त व्यय एवं अंत में बकाया व्यय + अंत में पूर्वदत्त व्यय और प्रारंभ में बकाया व्यय।

*हालाँकि, निम्नलिखित मदों पर विचार नहीं किया जाता है:*

1. गैर-रोकड़ मदें जैसे कि ह्रास, अंशों पर बट्टा आदि को अपलिखित किया जाएगा।
2. वे मदें जिन्हें निवेश या वित्तीय क्रियाकलापों में वर्गीकृत किया गया है। जैसे कि ब्याज प्राप्तियाँ, लाभांश भुगतान आदि।

लेखा मानक-3 के अनुसार प्रत्यक्ष विधि के अंतर्गत सकल रोकड़ प्राप्तियों तथा रोकड़ भुगतानों के प्रमुख वर्गों के बारे में सूचनाओं को निम्नानुसार किसी से प्राप्त की जा सकती है:

उद्यम के लेखांकन अभिलेखनों से, या

विक्रय एवं अन्य मदों की बिक्री लागत को लाभ-हानि विवरण में निम्नुासार समायोजित किया जा सकता है:

मालसूचियों एवं प्रचालन प्राप्तियों और देयों की अवधि में परिवर्तन;

अन्य गैर-रोकड़ मदें, और

अन्य मदें जिसके लिए निवेश या वित्तीय रोकड़ प्रवाहों में रोकड़ प्रभावित करता है।

चित्र 6.2 प्रत्यक्ष विधि का उपयोग करते हुए प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह के प्रारूप को दर्शाता है।

© NCERT not to be republished

## प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह

| | | |
|---|---|---|
| *प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह* | | |
| उपभोक्ताओं से रोकड़ प्राप्तियाँ | | xxx |
| (–) | कर्मचारियों एवं पूर्तिकारों को नकद भुगतान | xxx |
| = | क्रियाकलापों से जनित रोकड़ | **xxx** |
| (–) | आयकर भुगतान (प्रदत) | xxx |
| = | असाधारण मदों से रोकड़ प्रवाह | **xxx** |
| +/– | असाधारण मद | xxx |
| = | प्रचालन क्रियाकलापों से निवल रोकड़ | **xxxx** |

**चित्र 6.2:** *प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह का प्रारूप*

***उधाहरण 1***

निम्नलिखित जानकारियों से प्रत्यक्ष विधि का उपयोग करते हुए प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह को परिकलित कीजिए।

**लाभ व हानि खाता**
**वर्षान्त 31 मार्च, 2006 को**

*नाम* *जमा*

| *विवरण* | *राशि (रु.)* | *विवरण* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|
| बेचे गए माल की लागत | 1,20,000 | विक्रय | 2,20,000 |
| सकल लाभ | 1,00,000 | | |
| | **2,20,000** | | **2,20,000** |
| वेतन | 30,000 | सकल लाभ | 1,00,000 |
| बीमा की किस्त | 8,000 | | |
| मूल्यह्रास | 20,000 | | |
| आयकर | 10,000 | | |
| निवल लाभ | 32,000 | | |
| | **1,00,000** | | **1,00,000** |

*अतिरिक्त सूचना*

| | *1 अप्रैल, 2005 (रु.)* | *31 मार्च, 2006 (रु.)* |
|---|---|---|
| देनदार | 25,000 | 30,000 |
| प्राप्त विपत्र | 8,000 | 6,000 |
| लेनदार | 17,000 | 15,000 |

© NCERT not to be republished

| | | |
|---|---|---|
| स्टॉक | 22,000 | 27,000 |
| बकाया वेतन | 2,000 | 3,000 |
| पूर्वदत्त बीमा | 5,000 | 5,500 |
| बकाया आयकर | 3,000 | 2,000 |

## *हल*

| | |
|---|---|
| प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह | रु. |
| उपभोक्ताओं से रोकड़ प्राप्तियाँ | 2,17,000 |
| पूर्तिकारों को रोकड़ से रोकड़ प्राप्तियाँ | (1,27,000) |
| पूर्तिकारों को रोकड़ भुगतान | (29,000) |
| कर्मचारियों को रोकड़ (नकद) भुगतान | (8,500) |
| बीमा प्रीमियम हेतु रोकड़ भुगतान | 52,500 |
| आयकर भुगतान | (11,000) |
| प्रचालनों से निवल रोकड़ प्रवाह | **41,500** |

*कार्यकारी टिप्पणी*

1. निम्नानुसार परिकलित रोकड़ प्राप्तियाँ उभोक्ताओं से प्राप्त हुई है:
   उपभोक्ताओं से रोकड़ प्राप्तियां = विक्रय + देनदार एवं प्रारंभिक प्राप्य विपत्र
   = 2,20,000 (रु.)+ 25,000 रु. + 8,000 रु. – 30,000 रु. – 6,000 रु.
   = 2,17,000 रु.
2. क्रय = बेचे गए माल की लागत – प्रारंभिक स्टॉक + अंतिम स्टॉक
   = 1,20,000 रु. – 22,000 रु. + 27,000 रु.
   = 1,25,000 रु.
3. आपूर्तिकर्ता को नकद भुगतान = क्रय + लेनदार एवं प्रारंभिक विपत्र – देनदार एवं अंतिम देय विपत्र
   = 1,25,000 रु. + 17,000 रु. – 15,000 रु.
   = 1,27,000 रु.
4. रोकड़ व्यय = प्रोदभवन आधार पर व्यय – प्रारंभ में पूर्वदत्त व्यय व अंत में बकाया व्यय + अंत में पूर्वदत्त व्यय तथा प्रारंभ में बकाया व्यय
5. कर्मचारियों को रोकड़ भुगतान = 30,000 रु. + 2,000 रु. – 3,000 रु.
   = 29,000 रु.
6. बीमा की किस्त रोकड़ भुगतान = 8,000 रु. – 5,000 रु. + 5,500 रु.
   = 8,500 रु.
7. आयकर भुगतान = 10,000 रु. + 3,000 रु. – 2,000 रु.
   = 11,000 रु.
8. यहाँ पर यह ध्यान देना महत्त्वपूर्ण है कि यहाँ पर कोई असाधारण मदें नहीं हैं।

© NCERT not to be republished

### *6.6.2 अप्रत्यक्ष विधि*

जैसा कि पहले संकेत किया जा चुका है अप्रत्यक्ष विधि में प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह की गणना निवल लाभ/हानि की राशि से प्रारंभ होती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि एक उद्यम की सभी प्रचालन क्रियाकलापों के प्रभावों को आय विवरण संभावित करता है। हालांकि आयकर विवरण प्रोदभवन आधार पर (और न कि रोकड़ आधार पर) तैयार किए जाते हैं। इसके अलावा यह कुछ निश्चित गैर प्रचालन मदों को भी शामिल करता है जैसे कि ब्याज भुगतान, (स्थिर परिसंपत्तियों की बिक्री पर लाभ/हानि आदि) तथा गैर रोकड़ मदें (जैसे कि मूल्यह्रास, ख्याति को अपलिखित करना)। इसीलिए, यह आवश्यक हो जाता है कि लाभ व हानि खाते में दर्शाई गई निवल लाभ/हानि को प्रचालन क्रियाकलाप से रोकड़ प्रवाह आने पर समायोजित किया जाए। आइए इस उदाहरण को देखें–

**लाभ व हानि खाता**
**वर्षान्त 31 मार्च, 2007 वर्ष को**

*नाम* *जमा*

| *व्यय/हानियां* | *राशि* रु. | *आगम/लाभ* | *राशि* रु. |
|---|---|---|---|
| वेतन | 35,000 | सकल लाभ | 1,00,000 |
| किराया | 15,000 | भूमि की बिक्री पर लाभ | 2,000 |
| मूल्यह्रास | 10,000 | | |
| ब्याज भुगतान | 12,000 | | |
| निवल लाभ | 30,000 | | |
| | **1,02,000** | | **1,02,000** |

उपर्युक्त लाभ व हानि खाता निवल लाभ की राशि 32,000 रु. दर्शाता है। इसे प्रचालन क्रियाकलाप से आने वाले रोकड़ प्रवाह से किया जाता है। आईये एक के बाद एक विभिन्न मदों को देखते हैं:

1. मूल्यह्रास एक गैर–रोकड़ मद है अत: 10,000 रु. मूल्यह्रास के रूप में रोकड़ प्रवाह नहीं है। इसी कारण, इस राशि को निश्चित रूप से निवल लाभ में वापस जोड़ा जाना चाहिए।
2. *ब्याज भुगतान*–यह 12,000 रु. का वित्तीय क्रियाकलापों में एक रोकड़ बाहिर्वाह है। इसलिए, जब प्रचालन क्रियाकलाप से रोकड़ प्रवाह का परिकलन किया जा रहा हो, इस राशि को भी वापस निश्चित रूप से निवल लाभ–जोड़ा जाना चाहिए। ब्याज की यह राशि वित्तीय क्रियाकलाप के शीर्ष में एक बाहिर्वाह के रूप में दर्शाई गई है।

© NCERT not to be republished

3. *भूमि की बिक्री पर लाभ:* एक निवेश क्रियाकलाप से रोकड़ अंतर्वाह है। अतैव, प्रचालन क्रियाकलाप से रोकड़ प्रवाह के परिकलन के समय निवल लाभ की राशि से निश्चित रूप से घटाई जानी चाहिए।

उपयुर्क्त उदाहरण आपको यह अनुमान देता है कि निवल लाभ/हानि की राशि में विविध समायोजन कैसे किए जाते हैं। अन्य महत्त्वपूर्ण समायोजन कार्य पूँजी में परिवर्तन से संबंद्ध होते हैं जो कि अपरिहार्य रूप से (अर्थात् चालू परिसंपत्तियों एवं चालू देनदारियों के मद) निवल लाभ/हानि में बदलते हैं जोकि प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह में प्रोद्भवन आधार पर आधारित होते हैं इसीलिए चालू परिसंपत्तियों में वृद्धि तथा चालू देनदारियों में कमी को निवल लाभ में जोड़ा जाता है तथा चालू परिसंपतियों में कमी तथा चालू देनदारियों में वृद्धि को निवल लाभ में घटाया जाता है जिससे प्रचालन क्रियाकलापों से निवल रोकड़ प्रवाह की परिशुद्ध राशि पर आते हैं। लेखा मानक-3 के अनुसार, अप्रत्यक्ष विधि के अंतर्गत प्रचालन क्रियाकलापों से निवल रोकड़ प्रवाह को निर्धारण, निम्न के प्रभावों से निवल लाभ या हानि में समायोजन के द्वारा होता है।

- गैर-रोकड़ मदें जैसा कि मूल्यह्रास, ख्याति का अपलेखन, प्रावधान, अस्थगित कर आदि जो कि बाद में जोड़ी जाती है:
- अन्य सभी मदें जिनके लिए निवेश या वित्तीय रोकड़ प्रवाह को रोकड़ प्रभावित करता है। इस प्रकार की मदों का निरूपण उनकी प्रवृति पर निर्भर करता है। सभी निवेश एवं वित्तीय आय निवल लाभ की राशि से घटाई जाती है जबकि इस प्रकार के खर्चों को वापस जोड़ा जाता है। उदाहरण के लिए ब्याज खर्च जो कि एक वित्तीय रोकड़ बाहिर्वाह है, वापस जोड़ा जाता है जबकि ब्याज आय जो कि एक निवेश रोकड़ प्रवाह है, निवल लाभ की राशि से घटाया जाता है।
- चालू परिसंपत्तियों एवं देनदारियों में अवधि के दौरान बदलाव चालू परिसंपत्तियों एवं देनदारियों में अवधि के दौरान बदलाव, चालू परिसंपत्तियों में वृद्धि तथा देनदारियों में कमी को जोड़ा जाता है जबकि चालू देनदारियों में वृद्धि तथा चालू परिसंपत्तियों में कमी को जोड़ा जाता है।

चित्र 6.3 अप्रत्यक्ष विधि के अनुसार प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह के परिकलन का प्रारूप दर्शाता है।

प्रत्यक्ष विधि वह सूचना प्रदान करती है जोकि भावी रोकड़ प्रवाह को अनुमानित करने के लिए उपयोगी होती हैं, लेकिन इस प्रकार की जानकारी अप्रत्यक्ष विधि के अंतर्गत उपलब्ध नहीं होती है। हालांकि व्यावहारिकता में कंपनियों द्वारा प्रचालन क्रियाकलाप से निवल रोकड़ प्रवाह पर आने के लिए अधिकतर अप्रत्यक्ष विधि का उपयोग किया जाता है।

© NCERT not to be republished

**प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह**

| | | |
|---|---|---|
| | कराधान से पहले निवल लाभ/हानि तथा असाधारण मदें | |
| + | गैर-रोकड़ मदों के लिए पहले ही लाभ व हानि खातों में कटौती की गई जैसे कि मूल्यह्रास, ख्याति का अपलेखन | xxx |
| + | गैर-प्रचालनीय मदों जैसे कि ब्याज के खातों पर लाभ व हानि में पहले ही कटौती की गई | xxx |
| – | गैर-प्रचालन मदों जैसे कि लाभांश प्राप्ति, स्थिर परिसंपत्तियों की बिक्री पर लाभ खातों पर लाभ व हानि के साथ अतिरिक्त आय को जोड़ना कार्यपूँजी में परिवर्तनों से पहले प्रचालन लाभ | xxx |
| + | चालू देनदारियों में वृद्धि | xxx |
| + | चालू परिसंपत्तियों में कमी | xxx |
| – | चालू परिसंपतियों में वृद्धि | xxx |
| – | चालू देनदारियों में कमी | xxx |
| | कराधान से पूर्व प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह एवं असाधारण मदें | |
| – | आयकर भुगतान | xxx |
| +/– | असाधारण मदों का प्रभाव | xxx |
| | प्रचालन क्रियाकलापों से निवल रोकड़ | **xxx** |

**चित्र 6.3**: *प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह का प्रारूप (अप्रत्यक्ष विधि)*

### *उदाहरण 2*

उदाहरण 1 में दिए गए आँकड़ों का उपयोग करते हुए अप्रत्यक्ष विधि के द्वारा प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह का परिकलन कीजिए।

### *हल*

| प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह | | (रु.) |
|---|---|---|
| | कराधान से पूर्व निवल लाभ एवं असाधारण मदें (1) | 42,000 |
| | समायोजन के लिए- | |
| + | मूल्यह्रास | 20,000 |
| = | कार्यशील पूँजी बदलाव से पूर्व प्रचालन लाभ | 62,000 |
| – | विविध देनदारों में वृद्धि | (5,000) |
| + | प्राप्य विपत्रों में कमी | +2,000 |
| – | मालसूची में वृद्धि | (5,000) |
| – | पूर्वदत्त बीमा में वृद्धि | (500) |
| – | विविध लेनदारों में कमी | (2,000) |
| + | बकाया वेतनों में वृद्धि | +1,000 |
| = | प्रचालनों से जनित रोकड़ | 52,500 |
| – | आयकर भुगतान | (11,000) |
| = | प्रचालन क्रियाकलापों से निवल रोकड़ | **41,500** |

© NCERT not to be republished

*आप देखेंगे कि प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह की राशि समान रहती है भले ही हम इसके परिकलन हेतु प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष विधि प्रयोग करें।*

*कार्यकारी टिप्पणी:*

कराधान से पूर्व निवल लाभ तथा असाधारण मदों को निम्नवत निकाला गया।

| | | |
|---|---|---|
| (1) निवल लाभ | = | 32,000 रु. |
| + लाभ व हानि हेतु आयकर | = | 10,000 रु. |
| = कराधान से पूर्व लाभ व असाधारण मदें | = | 42,000 रु. |

***उदाहरण 3***

निम्न सूचनाओं के आधार पर प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह ज्ञात करें:

**लाभ व हानि खाता 31 मार्च, 2006 वर्ष की समाप्ति पर**

| *विवरण* | *रशि (रु.)* | *विवरण* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|
| किराया | 10,000 | सकल लाभ | 50,000 |
| वेतन | 25,000 | मशीनरी की बिक्री पर लाभ | 2,000 |
| मूल्यह्रास | 5,000 | आयकर वापसी | 3,000 |
| उपकरणों की बिक्री पर हानि | 3,000 | | |
| ख्याति का अपलेखन | 2,000 | | |
| कराधान हेतु प्रावधान | 8,000 | | |
| निवल लाभ | 2,000 | | |
| | **55,000** | | **55,000** |

*अतिरिक्त जानकारी*

| | *01 अप्रैल 2005* रु. | *31 मार्च 2006* रु. |
|---|---|---|
| कराधान हेतु प्रावधान | 10,000 | 13,000 |
| बकाया किराया | 2,000 | 2,500 |
| लेनदार | 21,000 | 25,000 |
| देनदार | 15,000 | 21,000 |
| मालसूची | 25,000 | 22,000 |

© NCERT not to be republished

*हल*

**प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह**

| | | |
|---|---|---|
| कराधान से पूर्व निवल लाभ एवं असाधारण मदें | | 10,000 |
| समायोजन के लिए– | | |
| + | मूल्यह्रास | 5,000 |
| + | उपकरणों की बिक्री पर हानि | 3,000 |
| + | ख्याति का अपलेखन | 2,000 |
| – | मशीनरी की बिक्री पर लाभ | (2,000) |
| – | आयकर वापसी | (3,000) |
| कार्यशील पूँजी में परिवर्तन से पूर्व प्रचालन लाभ | | 15,000 |
| – | विविध देनदारों में वृद्धि | (6,000) |
| + | मालसूची में कमी | 3,000 |
| + | विविध लेनदारों में वृद्धि | 4,000 |
| + | बकाया किराया में वृद्धि | 500 |
| प्रचालन से अर्जित रोकड़ | | 16,500 |
| आयकर भुगतान | | (5,000) |
| आयकर वापसी | | 3,000 |
| प्रचालन क्रियाकलापों से निवल रोकड़ | | **14,500** |

*कार्यकारी टिप्पणी:*

1. कराधान से पूर्व निवल लाभ एवं असाधारण मदें = 2,000 रु. + 8,000 रु. = 10,000 रु.
2. वर्ष के दौरान भुगतान किए गए आयकर का अभिनिश्चय कर खाता हेतु तैयारी प्रावधान द्वारा निम्नानुसार किया गया।

**कराधान खाता हेतु प्रावधान**

*नाम* *जमा*

| *विवरण* | *ब.पृ.स.* | *राशि (रु.)* | *विवरण* | *ब.पृ.स.* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| रोकड़ (वर्ष के दौरान भुगतान किया गया आय कर (शेष राशि) | | 5,000 | शेष आ/ले | | 10,000 |
| | | | लाभ व हानि | | 8,000 |
| शेष आ/ला | | 13,000 | | | |
| | | **18,000** | | | **18,000** |

not to be republished © NCERT

### *उदाहरण 4*

चार्ल्स लिमिटेड ने परिसंपत्तियों पर 20,000 रु. के मूल्यह्रास प्रभारित करने के पश्चात तथा 30,000 रु. सामान्य सचंय में हस्तांतरण के बाद 1,00,000 रु. का लाभ अर्जित किया। 7,000 रु. से ख्याति को अपलिखित किया गया तथा मशीनरी के विक्रय पर 3,000 रु. का लाभ प्राप्त हुआ। आपके लिए उपलब्ध अन्य जानकारियाँ (चालू परिसंपत्तियों एवं चालू देनदारियों में परिवर्तन के पश्चात) हैं: देनदारों ने 6,000 रु. की वृद्धि, लेनदारों में 10,000 रु. की वृद्धि, देय विपत्रों में 4,000 रु. की कमी तथा बकाया व्ययों में 2,000 रु. की कमी दर्शाई गई। प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह की गणना करें।

### *हल*

| | (रु.) |
|---|---:|
| कराधान से पूर्व निवल लाभ | 1,00,000 |
| गैर-रोकड़ एवं गैर प्रचालन मदों हेतु समायोजन | |
| + मूल्यह्रास | 20,000 |
| + सामान्य आरक्षित में हस्तांतरण | 30,000 |
| + ख्याति का अपलेखन | 7,000 |
| – मशीनरी की बिक्री पर लाभ | (3,000) |
| कार्यशील पूँजी से पूर्व प्रचालन लाभ | 1,54,000 |
| कार्यशील पूँजी में परिवर्तन हेतु समायोजन | |
| – देनदारों में वृद्धि | (6,000) |
| + लेनदारों में वृद्धि | 10,000 |
| – पूर्वदत्त व्ययों में वृद्धि | (200) |
| + प्राप्य विपत्रों में कमी | 3,000 |
| – देय विपत्रों में कमी | (4,000) |
| – बकाया व्ययों में कमी | (2,000) |
| = प्रचालन क्रियाकलापों से निवल रोकड़ | 1,54,800 |

*कार्यकारी टिप्पणी :*

चूंकि कर की राशि नहीं दी गई है, अत: 10,000 रु. के लाभ को कर से पूर्व लाभ माना गया है।

© NCERT not to be republished

**स्वयं करें**

1. यहां राज लिमिटेड का लाभ व हानि खाता नीचे दिया गया है:

**लाभ व हानि खाता**
**वर्षान्त 31 मार्च, 2007 को**

*नाम* *जमा*

| *व्यय/हानि* | | *राशि (रु.)* | *आगम/आय* | | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रारंभिक स्टॉक | 2,00,000 | | विक्रय: | | |
| क्रय– | | | नकद विक्रय | 8,00,000 | |
| नकद | 4,00,000 | | ऋण विक्रय | 34,00,000 | |
| उधार | 17,00,000 | | घटाया: वापसी | (2,00,000) | |
| घटाया वापसी | (1,00,000) | | निवल विक्रय | | 40,00,000 |
| निवल क्रय | | 20,00,000 | | | |
| प्रशासकीय व्यय | | 10,20,000 | व्यापार कमीशन | | 20,40,000 |
| उपभोक्ताओं को बट्टा | | 1,20,000 | प्राप्त बट्टा | | 60,000 |
| डूबत ऋण | | 1,00,000 | अंतिम स्टॉक | | 1,00,000 |
| मूल्यह्रास | | 3,80,000 | | | |
| कराधान हेतु प्रावधान | | 8,00,000 | | | |
| निवल लाभ | | 15,80,000 | | | |
| | | **62,00,000** | | | **62,00,000** |

*अतिरिक्त सूचनाएँ–*

| | (रु.) | (रु.) |
|---|---|---|
| प्राप्य विपत्र | 20,00,000 | 40,00,000 |
| देय विपत्र | 20,00,000 | 10,00,000 |
| बकाया प्रशासनिक व्यय | 10,000 | 20,000 |
| पूर्वदत्त प्रशासकीय व्यय | 20,000 | 10,000 |
| प्रोद्भवन व्यापारिक व्यय | 20,000 | 40,000 |
| अग्रिम व्यापारिक व्यय | 40,000 | 20,000 |
| कराधान हेतु प्रावधान | 10,00,000 | 12,00,000 |

प्रचालन से रोकड़ प्रवाह की गणना करें। साथ ही कार्यकारी टिप्पणी स्पष्टत दर्शाएँ

निम्नलिखित सूचनाओं से प्रचालन से निवल रोकड़ प्रवाह परिकलित कीजिए:

© NCERT not to be republished

| *विवरण* | रु. |
|---|---|
| 1,53,000 रु. के कर प्रावधान के पश्चात् प्रचालन लाभ | 6,28,000 |
| अकाल निपटान से बीमा प्राप्ति | 1,00,000 |
| चालू वर्ष के लिए प्रस्तावित लाभ | 72,000 |
| मूल्यह्रास | 1,40,000 |
| मशीनरी की बिक्री पर हानि | 30,000 |
| निवेश की बिक्री पर लाभ | 20,000 |
| निवेश पर प्राप्त लाभांश | 6,000 |
| चालू परिसंपत्तियों में गिरावट (रोकड़ एवं रोकड़ तुल्यराशियों के अतिरिक्त) | 10,000 |
| चालू देनदारियों में वृद्धि | 1,51,000 |
| रोकड़ एवं रोकड़ तुल्यराशियों के अलावा चालू परिसंपत्तियों में वृद्धि | 6,00,000 |
| चालू देनदारियों में कमी | 64,000 |
| आयकर भुगतान | 1,18,000 |
| आयकर वापसी प्राप्ति | 3,000 |

**स्वयं जाँचिए–2**

1. नीचे दिए गए दो विकल्पों में एक को चुनिए और दिए गए कथनों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–
   (क) यदि वर्ष के दोरान अर्जित निवल लाभ 50,000 रु. है प्रारंभिक व अंतिम देनदार में क्रमशः 10,000 रु. तथा 20,000 रु. है तब प्रचालन क्रियाकलाप से रोकड़ प्रवाह ____________रु. के बराबर होगा (40,000/60,0000)
   (ख) यदि वर्ष के दौरान निवल लाभ 50,000 रु. है और प्राप्य विपत्रों की राशि वर्ष के दौरान 10,000 रु. घटी है तब प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह ____________रु. के बराबर होगा। (40,000रु./60,000 रु.)
   (ग) वर्ष के अंत में व्ययों का अग्रिम भुगतान किया गया है जिसे वर्ष में अर्जित लाभ के साथ ____________ जाता है (जोड़ा या घटाया)
   (घ) एक वर्ष के दौरान प्रोद्भूत आय को निवल लाभ के साथ ___________ जाता है। (जोड़ा या घटाया)
   (च) प्रचालन क्रियाकलाप से रोकड़ प्रवाह की गणना हेतु ख्याति का अपलेखन वर्ष के दौरान लाभ में __________ जाता है। (जोड़ा/घटाया)
   (छ) प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह की गणना के लिए संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान को वर्ष के दौरान अर्जित लाभ में __________ जाता है। (जोड़ा/घटाया)
2. जब प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ को संगणित करते हैं तो संकेत दें कि क्या निम्न मदों को निवल लाभ के साथ जोड़ा या घटाया जाएगा। यदि मान्य नहीं है तो अमान्य लिखें।

© NCERT not to be republished

| *विवरण* |
|---|
| (क) लेनदारों के मूल्य में वृद्धि |
| (ख) एकस्व के मूल्य में वृद्धि |
| (ग) पूर्वदत्त व्ययों में कमी |
| (घ) पेशगी (अग्रिम) प्राप्त आय में कमी |
| (च) स्टॉक के मूल्य में कमी |
| (छ) अंश पूँजी में वृद्धि |
| (ज) प्राप्य विपत्रों के मूल्य में वृद्धि |
| (झ) बकाया व्ययों की राशि में वृद्धि |
| (ट) देय विपत्रों का अंशों में परिवर्तन |
| (ठ) देय विपत्रों के मूल्य में कमी |
| (ड) देनदारों के मूल्य में वृद्धि |
| (ढ) प्रोद्भूत आय की राशि में कमी |

कई बार न तो निवल मूल्य की राशि विशेष रूप से दी गई होती है और न ही लाभ एवं हानि खाता दिया गया होता है। ऐसी परिस्थितियों में, निवल लाभ की राशि को दो वर्षों के तुलनपत्रों में लाभ व हानि खातों की तुलना करके निकाला जा सकता है। दोनों के बीच अंतर को उस वर्ष के लिए लाभ माना जाता है, इसके बाद, इस वर्ष के दौरान कर प्रावधान की राशि के साथ समायोजित करके (दो वर्षों के तुलन पत्रों की तुलना करके पता किया जाता है) कराधान से पूर्व निवल लाभ की गणना की जाती है। (देखें उदाहरण 7 एवं 8)

## 6.7 निवेश एवं वित्तीय क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह

निवेश एवं वित्तीय क्रियाकलापों से अंतर्वाह एवं बार्हिवाह की मदो की रूपरेखा पहले ही बनाई जा चुकी है। रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय सकल नकद प्राप्तियाँ सकल नकद भुगतान तथा निवेश एवं वित्तीय क्रियाकलापों से अर्जित निवल रोकड़ प्रवाह के मुख्य शीर्षो को पृथक रूप से क्रमशः निवेश क्रियाकलापों में रोकड़ प्रवाह तथा वित्तीय क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह शीर्षक के अंर्तगत दर्शाया जाता है। निवेश एवं वित्तीय क्रियाकलापों से निवल रोकड़ प्रवाह की गणना उदाहरण 5 और 6 में दर्शाई गई है।

### *उदाहरण 5*

वेलप्रिंट लि॰ ने निम्नलिखित जानकारी प्रदान की है:

| | रु. |
|---|---|
| 01 अप्रैल 2004 को मशीनरी | 50,000 |
| 31 मार्च 2005 को मशीनरी | 60,000 |
| 01 अप्रैल 2004 को संचित मूल्यह्रास | 15,000 |
| 31 मार्च, 2005 को संचित मूल्यह्रास | 25,000 |

वर्ष के दौरान एक मशीन जिसका मूल्य 25,000 रु. था और जिस पर संचित मूल्यह्रास 15,000 रु. है, को 13,000 रु. पर बेचा गया।

© NCERT not to be republished

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर निवेश क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह का परिकलन करें।

## हल

| निवेश क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह | रु. |
|---|---|
| मशीनरी का विक्रय | 13,000 |
| मशीनरी का क्रय | (35,000) |
| निवेश क्रियाकलाप में उपर्युक्त निवल रोकड़ | (22,000) |

*कार्यकारी टिप्पणी:*

**मशीनरी खाता**

*नाम* *जमा*

| *विवरण* | *रो.पृ सं.* | *राशि (रु.)* | *विवरण* | *रो.पृ सं.* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| शेष आ/ला | | 50,000 | रोकड़ (मशीन की बिक्री) | | 13,000 |
| लाभ व हानि | | 3,000 | | | |
| (मशीन के विक्रय पर लाभ) | | | संचित मूल्यह्रास | | 15,000 |
| रोकड़ | | 35,000 | | | |
| (शेष राशि – नई मशीन का क्रय) | | | शेष आ/ले | | 60,000 |
| | | **88,000** | | | **88,000** |

**संचित मूल्यह्रास खाता**

*नाम* *जमा*

| *विवरण* | *रो.पृ सं.* | *राशि रु.* | *विवरण* | *रो.पृ सं.* | *राशि रु.* |
|---|---|---|---|---|---|
| मशीनरी | | 15,000 | शेष आ/ला | | 25,000 |
| शेष आ/ले | | 15,000 | लाभ व हानि | | |
| | | | (वर्ष के दौरान | | |
| | | | मूल्यह्रास) | | 5,000 |
| | | **30,000** | | | **30,000** |

© NCERT not to be republished

***उदाहरण 6***

निम्नलिखित सूचना से वित्तीय क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह का परिकलन करें।

| | रु. | रु. |
|---|---|---|
| दीर्घकालिक ऋण | 2,00,000 | 2,50,000 |

वर्ष के दौरान कंपनी ने 1,00,000 रु. का ऋण चुकता किया

## हल

| वित्तीय क्रियाकलाप से रोकड़ प्रवाह | रु. |
|---|---|
| दीर्घकालिक ऋणों से प्राप्तियाँ | 1,50,000 |
| दीर्घकालिक ऋण से की चुकोती (परिशोधन) | (1,00,000) |
| वित्तीय क्रियाकलापों से निवल रोकड़ अंतर प्रवाह (अंतर्वाह) | 50,000 |

*कार्यकारी टिप्पणी*

**दीर्घकालिक ऋणखाता**

*नाम* *जमा*

| *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि* रु. | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि* रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| नकद (ऋण भुगतान) | | 1,00,000 | शेष आ/ले | | 2,00,000 |
| शेष आ/ले | | 2,50,000 | रोकड़ (नया ऋण उगाहा गया) | | 1,50,000 |
| | | **3,50,000** | | | **3,50,000** |

**स्वयं करें**

1. निम्नलिखित विवरणों से निवेशन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह की गणना करें:

| | *खरीद* रु. | *बिक्री* रु. |
|---|---|---|
| संयंत्र | 4,40,000 | 50,000 |
| निवेश | 1,80,000 | 1,00,000 |
| ख्याति | 2,00,000 | |
| एकस्व | | 1,00,000 |

निवेश के रूप में धारित ऋण–पत्रों पर प्राप्त ब्याज 60,000 रु.

निवेश के रूप में धारित अंशों पर प्राप्त लाभांश 10,000 रु.

निवेश के उद्देश्य से एक जमीन का भाग खरीदा गया और व्यवसायिक उपयोग हेतु 30,000 रु. किराये पर दिया गया।

© NCERT not to be republished

2. निम्नलिखित जानकारी से निवेशन तथा वित्तीय क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह का परिकलन करें।

| | 2005 | 2006 |
|---|---|---|
| मशीन पुस्तक मूल्य पर | 5,00,000 | 9,00,000 |
| संचित मूल्यह्रास | 3,00,000 | 4,50,000 |
| समता अंश पूँजी | 28,00,000 | 35,00,000 |
| बैंक ऋण | 12,50,000 | 7,50,000 |

वर्ष 2006 में 2,00,000 रु. की लागत वाली मशीन को 1,50,000, रु. के लाभ पर बेचा गया (वर्ष 2006 के दौरान मशीन पर प्रभारित संचित मूल्यह्रास 2,50,000 रु. था।

## 6.8 रोकड़ प्रवाह विवरण का निर्माण

जैसा कि पहले बताया गया है कि रोकड़ प्रवाह विवरण एक उद्यम की एक लेखांकन अवधि के दौरान रोकड़ एवं रोकड़ तूल्यांकों की स्थिति में बदलावों के संदर्भ में जानकारी उपलब्ध कराता है। वे क्रियाकलाप जो परिवर्तन लाने में भागीदारी देते हैं उन्हें प्रचालन, निवेश तथा वित्तीय क्रियाकलाप के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। एक लेखांकन अवधि के दौरान तीन क्रियाकलापों से निवल रोकड़ प्रवाह को निकालने की विधियों को विस्तार से वर्णित किया गया है तथा चित्र 6.1 में रोकड़ प्रवाह विवरण का एक संक्षिप्त प्रारूप भी बताया गया। हालांकि, अंतत: रोकड़ प्रवाह विवरण को तैयार करते समय अंतर्वाह एवं बाहिर्वाह के पूर्ण विवरण इन्हीं शीर्ष के अंतर्गत हैं। निवल रोकड़ प्रवाह (अथवा उपयोग) की गणना, जैसा कि चित्र 6.1 में दर्शाया गया है रोकड़ तथा रोकड़ तुल्यराशि में वृद्धि/कमी के रूप में की जाती है, जिसमें प्रारंभिक रोकड़ और रोकड़ तुल्यराशि को जोड़ा जाता है। अत: इस प्रकार रोकड़ और रोकड़ तुल्य राशि ज्ञात की जाती है। यह ज्ञात की गई राशि तुलन पत्रों में दी गई कुल हस्तस्थ रोकड़ बैंकस्थ रोकड़ (अथवा अधिविकर्ष) और रोकड़ तुल्यराशि (यदि कोई है तो) के समान होगी। (देखें उदाहरण 7 से 10 तक)। यहाँ एक अन्य बिन्दु पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है, वह यह कि प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह को जन अप्रत्यक्ष विधि द्वारा ज्ञात किया जाता है और यथावत रोकड़ प्रवाह विवरण में दर्शाया जाता है तब यह विवरण स्वत: ही अप्रत्यक्षत विधि रोकड़ प्रवाह विवरण कहलाता है। इसलिए, उदाहरण 7, 8 एवं 9 में तैयार किए गए रोकड़ प्रवाह विवरण इसी श्रेणी के अंतर्गत आते हैं ठीक इसी प्रकार से यदि रोकड़ प्रवाह विवरण की तैयारी के दौरान जब प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह को प्रत्यक्ष विधि से निकाला जाता है तो इसे 'प्रत्यक्ष विधि रोकड़ प्रवाह विवरण' कहा जाएगा। उदाहरण 10 दोनों ही प्रकार के रोकड़ प्रवाह विवरण दर्शाता है। **हालांकि जब तक यह स्पष्ट रूप से नहीं बताया जाता है कि रोकड़ प्रवाह विवरण किस विधि के उपयोग से निकाला गया है तब बहुत संभव हो सकता है कि रोकड़ प्रवाह विवरण अप्रत्यक्ष विधि द्वारा तैयार किया गया हो जैसाकि अधिकतर कंपनियाँ इसे ही व्यवहार में लाती है।** अध्याय के अंत में ग्रासिम इण्डस्ट्रीज, UCAL फयूल सिस्टम और सर्चलाईट आंप्टीकल टेकनालॉजी के रोकड़ प्रवाह विवरण दर्शाए गए हैं।

© NCERT not to be republished

***उदाहरण 7***

निम्नलिखित जानकारी से पॉयोनियर लिमिटेड के लिए रोकड़ प्रवाह विवरण को तैयार कीजिए।

**पायोनियर लिमिटेड का 31 मार्च, 2005 को तुलन पत्र**

| दायित्व | 31, मार्च 2004 | 31, मार्च 2005 | परिसंपत्तियां | 31, मार्च 2004 | 31, मार्च 2005 |
|---|---|---|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 5,00,000 | 7,00,000 | एकस्व | 1,00,000 | 95,000 |
| लाभ व हानि | 2,00,000 | 3,50,000 | उपकरण | 2,00,000 | 2,30,000 |
| बैंक ऋण | 1,00,000 | 50,000 | फर्नीचर | 3,00,000 | 2,70,000 |
| प्रस्तावित लाभांश | 50,000 | 70,000 | विनियोग | ------ | 1,00,000 |
| कराधान का प्रावधान | 30,000 | 50,000 | देनदार | 80,000 | 1,20,000 |
| लेनदार | 50,000 | 45,000 | भंडार | 50,000 | 1,30,000 |
